न्यायालय जिला कलक्टर, बाड़मेर

पीठासीन अधिकारीः टीना डाबी, आई.ए.एस

राजस्व आवेदन संख्याः–77 / 2025

प्रार्थी– सरपंच ग्राम पंचायत जसाई   बनाम   रेस्पोडेन्ट्स तहसीलदार बाड़मेर

<u>**विविध पुनर्विलोकन प्रार्थना–पत्र**</u>

आदेश

दिनांकः– 09.12.2025

1. प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग कार्यालय हाजा से उक्त पत्रावली स्थानान्तरण होकर न्यायालय में प्राप्त हुई। प्रस्तुत प्रकरण में ग्राम पंचायत जसाई द्वारा प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर राजस्व ग्राम विश्वकर्मा की बस्ती में आवंटित सार्वजनिक श्मशान भूमि की तरमीम संशोधन करने हेतु निवेदन किया है।

2. प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर की जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

3. हमने पत्रावली में प्रकट तथ्यों एवं रिपोर्ट का अवलोकन किया। राजस्व ग्राम विश्वकर्मा की बस्ती में आवंटित सार्वजनिक श्मशान भूमि की तरमीम संशोधन हेतु यह प्रार्थना–पत्र प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग कार्यालय हाजा द्वारा स्थानान्तरित किया गया, जिसमें मौजा विश्वकर्मा की बस्ती (मूल) खसरा नंबर 129 रकबा 36.5026 हैक्टेयर किस्म गै.मु. पहाड़ी में से 05–00 बीघा (0.8094 हैक्टेयर) भूमि श्मशान हेतु आवंटित हुई थी। उक्त भूमि का नामान्तरकरण संख्या 71 दिनांक 10.01.2024 को स्वीकृत हुआ एवं बाद नामान्तरकरण राजस्व रेकर्ड में खसरा नंबर 544 / 129 रकबा 0.8094 हैक्टेयर गै.मु. श्मशान का अमलदरामद किया गया तथा आवंटन आदेश में नक्शानुसार तरमीम की गई। आवंटन आदेश की पालना मे पूर्व में आवंटित भूमि की पैमाईश करने पर उक्त भूमि का आधा हिस्सा पहाड़ी की ढलाई में आने से श्मशान उपयोग हेतु उपयुक्त नहीं होना प्रकट किया है। इस संबंध में तहसीलदार बाड़मेर से मौक[illegible]कर्ड पर ली गई जिसमें पत्र क्रमांक राजस्व / 2024 / 2391 दिनांक [illegible] प्रस्तावित भूमि खसरा नंबर 545 / 129 में से 05–00 बीघा भूमि में पूर्व में अंकित तरमीम को संशोधि[illegible]ने प्रस्ताव तैयार किया गया जो भूमि मौके पर खाली है तथा समतल है तथा भूमि तक

Signature Not Verified
Digitally signed by Tina Dabi
Date: 2026.02.03 12:31:30 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
बाड़मेर

पहुचने हेतु मौके पर पगडंडी रास्ता उपलब्ध है। इस प्रकार तहसीलदार बाड़मेर की रिपोर्ट एवं प्रस्तावित नक्शा अनुसार ग्राम विश्वकर्मा की बस्ती में आवंटित सार्वजनिक श्मशान भूमि के खं.नं. 544/129 कीं तरमीम संशोधन कर नवप्रस्तावित नक्शा अनुसार संशोधन किया जाना न्यायोचित है।

4. अतः उपर्युक्त विवेचन एवं विश्लेषण के आधार पर प्रार्थी का यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम विश्वकर्मा की बस्ती में आवंटित सार्वजनिक श्मशान भूमि के ख.नं. 544/129 की तरमीम संशोधन कर नवप्रस्तावित स्थान पर ख.नं. 545/129 में बरंग काला अनुसार संशोधन किया जाता है। उक्तानुसार तहसीलदार बाड़मेर द्वारा प्रस्तावित नक्शा इस आदेश का अभिन्न अंग शुमार किया जाकर निर्देशित किया जाता हैं कि शमशान हेतु आवटित भूमि की तरमीम नवीन प्रस्तावित स्थान पर की जाकर पालना से राजस्व अनुभाग कार्यालय हाजा को अवगत करावें।

5. आदेश आज दिनांक 09.12.2025 को सुनाया गया।

न्यायालय जिला कलक्टर बाड़मेर (राजस्थान) सत्यमेव जयते

(टीना डाबी)
जिला कलक्टर, बाड़मेर
जिला कलक्टर
बाड़मेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Tina Dabi
Date: 2026.02.03 12:31:30 IST
Reason: SelfAttested